# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET) – 2024

## RAJASTHAN ELIGIBILITY EXAMINATION FOR TEACHERS (REET)-2024

## (माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर)

राजीव गाँधी विद्या भवन, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कॉलोनी, सिविल लाइन्स, अजमेर–305001

Website : http://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर जारी लिंक REET-2024

Email ID : rajreetbser2024@gmail.com

फोन नं. (0145) 2630436, 2630437

### विज्ञप्ति संख्या : 01/2024 दिनांक 12.12.2024

"राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)–2024" के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। यह परीक्षा निम्न वर्णित कार्यक्रम अनुसार निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।

| | |
|---|---|
| ऑन–लाईन आवेदन पत्र भरने की दिनांक | दिनांक 16.12.2024 से 15.01.2025 (रात्रि 12.00 बजे तक) |
| चालान मुद्रित कर निर्धारित बैंक/ ई–मित्र पर शुल्क जमा कराने की आरम्भ एवं अन्तिम दिनांक | दिनांक 16.12.2024 से 15.01.2025. तक |
| वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की संभावित दिनांक | 19.02.2025 सायं 4 बजे से |
| परीक्षा दिनांक | **दिनांक 27.02.2025 (गुरूवार) (आवेदकों की संख्या एवं परीक्षा केन्द्रों की उपलब्धता के दृष्टिगत परीक्षा का आयोजन आगे की तिथियों को भी रखा जा सकता है)** |

1. **ऑन–लाईन आवेदन प्रक्रिया :–** राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)-2024 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाईट http://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर जारी लिंक REET-2024 पर निर्धारित तिथियों तक ऑन–लाईन भरे जाएंगे। आवेदन हेतु अनुदेश व प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध होंगे। ऑन–लाईन के अतिरिक्त किसी भी प्रकार से किया गया आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। अभ्यर्थी को सर्वप्रथम नाम, पिता का नाम, माता का नाम, परीक्षा का स्तर (Level) एवं मोबाईल नम्बर अंकित कर सम्बन्धित ई–मित्र/बैंक/ऑन–लाईन भुगतान का चुनाव कर परीक्षा शुल्क जमा कराना होगा। ई–मित्र/बैंक से शुल्क का सत्यापन (Verification) होने के पश्चात ही अभ्यर्थी अपना परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेगा। शुल्क का सत्यापन वेबसाईट पर चालान नम्बर अंकित कर जाना जा सकेगा।
2. **परीक्षा शुल्क :–**
   आवेदक अपनी पात्रता के अनुरूप निम्नानुसार परीक्षा शुल्क निर्धारित बैंकों के माध्यम से चालान/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिग/ई–मित्र से जमा करा सकेंगे।
   - लेवल प्रथम – : रूपये 550/–
   - लेवल द्वितीय – : रूपये 550/–
   - दोनों लेवल के आवेदक हेतु – : रूपये 750/–

   (प्रत्येक लेवल/स्तर हेतु वांछित शैक्षणिक योग्यताएं होना अनिवार्य है)
3. **राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET-2024) की पात्रता, विषयवस्तु एवं परीक्षा पाठ्यक्रम की जानकारी हेतु वेबसाईट पर विस्तृत विज्ञप्ति देखें।**
4. **परीक्षा आयोजन का समय एवं पारी :–**

   I. **परीक्षा का समय :** प्रथम पारी : प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह् 12.30 बजे तक
   द्वितीय पारी : अपरान्ह् 3.00 बजे से सांय 5.30 बजे तक

   **नोट :–** लेवल प्रथम व द्वितीय की परीक्षा की दिनांक एवं पारी की सूचना पृथक से विज्ञप्ति के माध्यम से जारी की जाएगी। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने लेवल प्रथम व लेवल द्वितीय दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन किया है, उन्हें दोनों परीक्षाओं के निर्धारित पारी व समय पर परीक्षा देनी होगी।

   II. **परीक्षा प्रवेश पत्र** :– REET कार्यालय द्वारा प्रवेश पत्र बोर्ड वेबसाईट http://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर जारी लिंक REET-2024 पर अपलोड कर दिए जाएंगे । इस बाबत सूचना समाचार पत्रों एवं वेबसाइट के माध्यम से जारी की जाएगी। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र वेबसाइट से भी डाउनलोड कर सकते हैं, इस हेतु आवेदन पत्र तथा चालान की प्रति सुरक्षित रखें। डाक द्वारा प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे।

   **विशेष :–** सभी अभ्यर्थियों को परामर्श है कि वे समय समय पर बोर्ड की वेबसाईट http://rajeduboard.rajasthan.gov. in पर जारी लिंक REET-2024 का अवलोकन कर,अद्यतन सूचनाओं से अवगत रहें ।

समन्वयक